युवा दिवस | राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में सूर्य नमस्कार, योग, प्राणायाम एवं खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन

योग और खेल आयोजनों से गूंजा विवेकानंद का संदेश

नवभारत ,सिहोरा। राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उपनगरीय क्षेत्रों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में सूर्य नमस्कार, योग, प्राणायाम एवं खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी स्थानों पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, जन प्रतिनिधियों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

कन्या शाला व शासकीय विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार

एकीकृत शासकीय माध्यमिक कन्या शाला गोसलपुर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला की प्रधानाध्यापिका सुश्री प्रियंका तंतुवाय ने छात्राओं एवं ग्रामवासियों को प्रतिदिन योग को दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दीप्ति गुप्ता, अनीता सिंह, श्वेता ताम्रकार, गीता व्यास, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माया झारिया सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोसलपुर में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें प्राचार्य राज बहादुर सोनकर, पी.एल. रैदास, सुनील कुमार गौतम, प्रकाश जैन, अरविंद श्रीवास, विजय कोटवार, श्रीमती सविता पटेल, उमेश पटेल एवं राहुल दहायत उपस्थित थे।

महर्षि विद्या मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

योग दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि विद्या मंदिर गोसलपुर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें घाट सिमरिया, महर्षि विद्यालय नालंदा एवं महर्षि विद्यालय गोसलपुर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत द्वारा दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल अभिनव तिवारी, भुवनेश्वर तिवारी, रोहित सिंह सहित स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

सिहोरा उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री रहीं। प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय एवं उपप्राचार्य शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया।इस कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र-छात्राएं, 55 शिक्षक, 10 पालक शामिल हुए। जिला योग प्रभारी धर्मशीला दुबे एवं ब्लॉक योग प्रभारी सुधा उपाध्याय की विशेष उपस्थिति रही।

बेलखाडू पीएम श्री स्कूल में विवेकानंद के संदेशों का स्मरण

पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलखाडू में सामूहिक सूर्य नमस्कार कराया गया। प्राचार्य बी.आर. परस्ते ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। योग को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश भी प्रसारित हुआ। इस अवसर पर दीपिका सिंह, डी.के. अवस्थी, जुगल किशोर नामदेव, गजराज सिंह सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

पाटन सरस्वती विद्या मंदिर में विवेकानंद जयंती समारोह

सरस्वती विद्या मंदिर पाटन में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, डंबल योग एवं व्यायाम योग की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्रा साक्षी राठौर ने की, जबकि मुख्य अतिथि पूर्व छात्र परिषद अध्यक्ष सत्यम मेहरा रहे। प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा ने प्रस्तावित भाषण दिया। इस अवसर पर वैभव व्यास, संदीप पटेल, विनीत बबेले, शिवालय गुप्ता, सिद्धांत नायक सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक कोष्टा ने किया।



2026 के पौधा रोपण की तैयारी शुरू

▸ जबलपुर संभाग की कार्यशाला में किया गया मंथन

नवभारत, जबलपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास, जबलपुर संभाग द्वारा वर्ष 2026 में किए जाने वाले पौधारोपण की तैयारी को दृष्टिगत 'पौधारोपण एवं पौध संरक्षण' विषय पर संभाग अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पौधारोपण प्रभारी, नोडल अधिकारी, निकाय के उद्यान अधिकारी, मालियों तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं को और अधिक दक्ष बनाने एकदिवसीय प्रशिक्षण सह क्षमतावर्धन संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन स्मार्ट सिटी के मानस भवन सभागार में संपन्न हुआ। पौधारोपण कार्यशाला को

संबोधित करते हुए नगर निगम जबलपुर के अपर आयुक्त अरविंद शाह ने सभी निकाय प्रभारी, सी.एम.ओ. तथा नोडल अधिकारियों से अपील की कि वे विकास कार्यों के साथ हरित विकास को भी अनिवार्य करें। नगरीय क्षेत्र में पौधारोपण कर उनके रखरखाव में अन्य क्षेत्रों जैसे वनक्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में अधिक सुरक्षा और देखरेख की आवश्यकता होती है। अत: अभियान चलाकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ आदि से समन्वयकर करें ताकि अधिक से अधिक जन-सहभागिता सुनिश्चित हो सके और पौधों की देखभाल में सहायता प्राप्त हो सके।

संभाग में 17 .50 लाख होगा पौधरोपण

वर्ष 2026 में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सवा करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

सभी नगरी निकायों की जनसंख्या के अनुरूप उन्हें पौधारोपण लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जबलपुर संभाग में कुल 59 नगरीय निकाय है जिसमें तीन नगर पालिक निगम शामिल है, संभाग की कुल शहरी आबादी के विरुद्ध लगभग 17.50 लाख पौधारोपण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र वाले नगरी निकायों से लक्ष्य के अतिरिक्त पौधारोपण की अपेक्षा।

विशेषज्ञों ने दी जानकारी

कार्यशाला में अशोक मिश्रा ने 2026 की तैयारी, सर्वेश तिवारी ने पौधारोपण की तकनीकी एवं रखरखाव, टी.एफ.आर.आई. के विशेषज्ञ निखिल वर्मा ने पौधों की प्रजाति एवं पौधारोपण की सावधानियां, विवेक शर्मा ने अमृत मित्र पहल, वूमेन ट्री तथा प्रचार प्रसार गतिविधियों की जानकारी दी। सामाजिक संस्था कदम के प्रतिनिधि राजीव चतुर्वेदी ने संस्था द्वारा किए जा रहे पर्यावरणी कार्यों की जानकारी भी दी। कार्यशाला में चांद, बारासिवनी, बालाघाट, जुन्नारदेव तथा भेड़ाघाट नगरी निकायों के अभिनव पहल पर केन्द्रित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। निर्धारित लक्ष्य से लगभग दोगुने से अधिक पौधारोपण करने एवं व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने वाले नगर पालिका परिषद चांद, जिला छिंदवाड़ा के अध्यक्ष दान सिंह पटेल ने अपना अनुभव साझा किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरी निकायों को सम्मानित भी किया गया।

रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम

पनागर। आज नगरपालिका परिषद पनागर के द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत जयप्रकाश वार्ड सोनिया ज्वैलर्स से मुडिया रोड तक का भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया है जिसमें प्रदीप पटैल भीम भैया अध्यक्ष नगरपालिका परिषद पनागर एवं तुलसीराम कुशवाहा पार्षद विनोवाभावे वार्ड, अरविंद तिवारी पूर्व पार्षद विमल जैन पत्रकार के द्धारा भूमि पूजन किया गया है। उक्त रोड मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत अनुमानित लागत राशि 28.20 लाख रुपयें से रोड का निर्माण कार्य होना प्रस्तावित हुआ है। वार्ड वासियों बहु प्रतिक्षित मॉग होने के कारण अध्यक्ष के द्धारा

उक्त रोड निर्माण कराये जाने विशेष मॉग की पूर्ति की गई है रोड के निर्माण होने से वार्ड-वासियों को आने जाने सुगम रास्ता मिलेगा भूमि पूजन कार्यक्रम में तिन्दू विश्वकर्मा, मल्लू पाण्डेय, आशीष तिवारी, शरद सोनी, रवि विश्वकर्मा, जुगल तिवारी, श्री दुवे जी, नगरपालिका कर्मचारीगण उपयंत्री, सहायक यंत्री व उदयसिंह यादव, अमित वर्मा, अनिल कोरी, धनजय दाहिया, सतीश सोनी, मनोज दुबे, मनोज पटैल अन्य उपस्थित रहे है साथ ही वार्ड वासियों के द्धारा हर्ष व्यक्त किया गया है।

पनागर में देर रात बज रहे लाउडस्पीकर से छात्र परेशान

पनागर। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आगामी फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से शुरू होने जा रही हैं। यह समय विद्यार्थियों के करियर के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, जहाँ वे दिन-रात अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। लेकिन पनागर नगर में बेखौफ बज रहे लाउडस्पीकर और साउंड बॉक्स विद्यार्थियों की एकाग्रता में जहर घोल रहे हैं। नगर के आजाद वार्ड सहित उससे जुड़े विभिन्न मोहल्लों में स्थिति और भी बदतर है, जहाँ रात 11 से 12 बजे तक तेज आवाज में बजने वाले यंत्रों के कारण छात्रों का पढ़ना और सोना दोनों दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों और समाजसेवियों का कहना है कि प्रशासन की ढील के चलते ध्वनि प्रदूषण की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने अब मुखर होकर अपनी आवाज उठाई है। अवधेश खरे, एडवोकेट अनिल तिवारी,एडवोकेट शैलेष तिवारी,नितिन गौतम,एडवोकेट मनोज केशवानी,एडवोकेट सतीश साहू ,एवं सुनील कोरी ने जिला प्रशासन और स्थानीय उच्चाधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि परीक्षाओं के समापन तक नगर में लाउडस्पीकर के उपयोग पर तत्काल और पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

1274 रेलवे रियायत कार्ड जारी

जबलपुर, नवभारत। शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए जबलपुर रेल मंडल लगातार प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में, इस वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल 2025 से 11 जनवरी 2026 के मध्य कुल 1274 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए गए हैं। केवल दिसंबर माह में ही मंडल द्वारा 191 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड बनाए गए हैं। इन रियायत कार्डों के माध्यम से दिव्यांग यात्रियों को किराए में छूट के साथ-साथ, नियमानुसार परिचारक के साथ यात्रा करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है। जबलपुर रेल मंडल का यह प्रयास सरकार द्वारा दी जा रही रियायतों का लाभ अधिक से अधिक योग्य यात्रियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें ये दस्तावेज जरूरी है जिसमें जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी विकलांग प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र रियायत प्रमाणपत्र न्यू फॉरमैट (एनेक्सचर 1, एनेक्सचर 2) सभी दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात कार्ड जारी किया जाता है, जिसकी सूचना आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिल जाती है। आवेदन के समय यात्रियों को सही एवं पूर्ण जानकारी सावधानीपूर्वक भरनी चाहिए।

मेगा ट्रेड फेयर 2 .0 का अंतिम दिन आज

नवभारत,जबलपुर। होटल रॉयल ऑर्बिट में आयोजित मेगा ट्रेड फेयर 2.0 का आज मंगलवार, 13 जनवरी को अंतिम दिन है। फेयर सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक आम जनता और व्यापारियों के लिए खुला रहेगा। इस मेगा ट्रेड फेयर में जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के उद्योगपति, व्यापारी, स्टार्ट-अप और सेवा प्रदाता विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। विशेष रूप से होटल, रेस्टोरेंट, फूड इंडस्ट्री, टेक्नोलॉजी, अकाउंटिंग सॉल्यूशंस, मशीनरी और डिजिटल सॉल्यूशंस के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत घोड़ावत, सचिव तनप्रीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत गोकलानी और अन्य पदाधिकारी सभी उद्योगपतियों और व्यापारियों से अंतिम दिन अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की हैं।

जनसुनवाई के साथ जलसुनवाई पर रहेगा विशेष फोकस

नवभारत,जबलपुर। शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर निगम जबलपुर एक बड़ी पहल करने जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर 13 जनवरी को सुबह 11 बजे से नगर निगम मुख्यालय सहित सभी संभागीय कार्यालयों में भव्य 'जनसुनवाई' का आयोजन किया जाएगा। इस बार खास बात यह है कि जनसुनवाई के साथ-साथ 'जल सुनवाई' पर विशेष फोकस रहेगा। गर्मी की आहट से पहले ही जल आपूर्ति और स्वच्छ जल आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए वार्डवार 'जल सुनवाई' का निर्णय लिया गया है। वार्ड स्तर पर समाधान प्रत्येक वार्ड में पेयजल से

जुड़ी समस्याओं जैसे—पाइपलाइन लीकेज, कम दबाव में पानी आना, या नए कनेक्शन की मांग पर सीधे सुनवाई होगी। अधिकारियों की मौजूदगी मुख्यालय के साथ-साथ सभी संभागीय कार्यालयों में जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहेंगे ताकि जल आपूर्ति में आ रही तकनीकी बाधाओं को तुरंत दूर किया जा सके। इस दोहरे अभियान से न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी।

योग व नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,जबलपुर। नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी में 12 जनवरी 2026 युवा दिवस पर योग व नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगाचार्य ख्यालीराम रघुवंशी द्वारा युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार व अन्य योग विद्या के माध्यम से बताया कि व्यक्ति इसे निरंतर करे तो वह तनाव मुक्त, नशा मुक्त व हमेशा स्वस्थ्य रह सकता है। योग को नियमित जीवन शैली में शामिल करें। इस अवसर पर ख्यालीराम रघुवंशी, हेमंत सौलंकी, स्वेता मिश्रा, डॉ सरकार, नीरज रजक, अशोक ठाकुर, शिवानी जाटव, सतीश गोस्वामी, आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

अमरजीत सिंह धंजल बने अध्यक्ष

नवभारत,जबलपुर। गुरुद्वारा प्रेमनगर, मदनमहल स्थित श्री गुरु नानक मिशन एजुकेशनल सोसाइटी के द्विवार्षिक चुनाव, चुनाव अधिकारी स. बलजीत सिंह भाटिया एवं स. कुलदीप सिंह बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से स.अमरजीत सिंह धंजल को अध्यक्ष, स.तलविंदर सिंह पाल उपाध्यक्ष, स.हरजिन्दर सिंह भोमराह सचिव, स.स्वर्ण सिंह समरा सह-सचिव, स.कुलवंत सिंह आहूजा कोषाध्यक्ष, स.दविंदर सिंह जॉली स. मंजीत सिंह भच्चू को सदस्य निर्वाचित किया गया। सदस्यों द्वारा नवनियुक्त कमेटी को बधाई प्रेषित की गई। ज्ञात हो कि अमरजीत सिंह धन्जल विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष एवं सिख यूथ संगठन के अध्यक्ष भी हैं।

जेल के अंदर बंदी पर ब्लेड से हमला करने वाले को दो साल की सजा

जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय कारागार जबलपुर में एक बंदी पर ब्लेड से हमला करने वाले आरोपी बंदी अमन बिरहा को अदालत ने दोषी पाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋचा बठेजा की अदालत ने आरोपी अमन बिरहा को दो साल के सश्रम कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत के समक्ष शासन की ओर से एडीपीओं अजीता सिंह बैस ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय कारागार जबलपुर के पश्चिमी खंड में 24 अगस्त 2018 को वार्ड क्रमांक-15 में निरुद्ध बंदी राजा उर्फ आशीष सोनी को नहाते समय पीछे से पहुंचे बंदी अमन बिरहा ने ब्लेड के टुकड़े से हमला कर दिया था। जिससे बंदी राजा के चेहरे व हाथ में चोटे आई थी। आरोपी बंदी को तत्काल ही जेल प्रहरियों ने धर दबोचा था और उसके पास से ब्लेड के टुकड़े जब्त किये थे। जेल प्रशासन की शिकायत पर सिविल लाईन थाने में आरोपी अमन बिरहा के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ था।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	Tender ID- 2026_UAD_473466_1 PRO - 750 Date-12/01/2026	संभाग कं 01 गढा सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड अंतर्गत मेडीकल के पास अंसाटी कम्प्यूटर से रोहित जैन तक सी सी सडक निर्माण कार्य।	9.06 लाख दो माह	2000/- 9060/-	28/01/2026
2.	Tender ID- 2026_UAD_473466_2 PRO - 750 Date-12/01/2026	संभाग के 01 गढा सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड अंतर्गत जे डी ए कालोनी मे स्व. प्रवीण अग्रवाल जी के घर से वर्मा जी के घर तक सी सी सडक निर्माण कार्य।	8.39 लाख दो माह	2000/- 8390/-	28/01/2026
3.	Tender ID- 2026_UAD_473466_3 PRO - 750 Date-12/01/2026	संभाग के 01 गढ़ा महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत नव निवेश कालोनी रूदाक्ष पार्क के आस पास के क्षेत्र मे नाली निर्माण कार्य।	20.53 लाख तीन माह	5000/- 15400/-	12/02/2026
4.	Tender ID- 2026_UAD_473466_4 PRO - 750 Date-12/01/2026	संभाग कं 01 गढ़ा वीर दुर्गादास राठैर वार्ड अंतर्गत स्काई ब्लू बिल्डिंग के आस पास के क्षेत्र मे सीसी सडक निर्माण कार्य ।	13.83 लाख तीन माह	2000/- 10375/-	12/02/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)

E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/712145/ खनिज /उ.प./2026 सिवनी, दिनांक :- 02/01/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

द्वितीय-सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री विनीत कुमार पटेल आ. श्री हीरालाल पटेल नि. अतरिया तह. गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 22.11.2024 प्राप्त 02.12.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक / खनिज / उ.प./1/644696/2025 सिवनी दिनांक 2.12.2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुन: दिनांक 19.01.2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
सिवनी	लखनादौन	मोहगांवकलॉ	25	3.33 हे. में से 1.80 हे.	निजी भूमि	बोल्डर, गिट्टी,	रिमार्क
			कुल रकबा	1.80 हे.			

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

सहायक खनि अधिकारी
वास्ते कलेक्टर, सिवनी

जी.- 24237/25 | बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन)
लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म.प्र.)

दूरभाष :- 07632-358737 ई-मेल :-dpepiu.balaghat@mp.gov.in

एन.आई.टी. नं. -32/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/मु.अ.(भ)/जबलपुर दिनांक 31.12.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

स.क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	ठेकेदार/फर्म की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2025_PWPIU _472237_1	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन किरनापुर, जिला बालाघाट में फर्नीचर का स्थापना कार्य (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	12.00	24000.00	2000.00	पंजीकृत गोदरेज कम्पनी फर्नीचर प्रदायकर्ता	1

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 07.01.2026 समय शाम 5:00 बजे से दिनांक 17.01.2026 समय शाम 6:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी.- 24234/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग बालाघाट

बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल